सादर प्रकाशनार्थ

शिव सप्ताह एवं शोभा यात्राओं का आयोजन

कोरबा17.02.2018–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिव सप्ताह मनाया गया। 12 ज्यातिलिंगम शिव दर्शन की झांकी का आयोजन राम जानकी मंदिर बुधवारी बाजार कोरबा में रखा गया। जिसका दर्शन लाभ श्रद्धालु एवं भक्तजनों ने लिया। चारों दिशाओं में, दूरस्थ अंचल से शिव मंदिर एवं प्राचीन स्थलों से, शोभा यात्राओं का आयोजन किया गया। चहुं ओर से पुजारी जी ने पूजा अर्चना कर आशीर्वचन देकर शिव रथ को रवाना किया। हनुमानगढ़ी चकचकवा पहाड़ कटघोरा से शिवम् उपाध्याय ने अपने अशीष वचन में कहा कि आज शिव रथ की पूजा करके बहुत ही आनंद की अनुभूति हो रही है। यह रथ सभी भक्तजनों की मनोकामनायें पूरी करेगा तथा उन्हें सुखी रखेगा। श्रीराम मंदिर बालको से महेन्द्र कुमार गौरहा ने अपनी शुभकामनायें और आर्शीवाद देते हुए रथ को प्रस्थान किया। शंकर खोला गुफा तथा शिव मंदिर कोरकोमा, महेन्द्र वीरेन्द्र गिरी ने कहा ऐसी मान्यता है कि यह गुफा भृगुऋृषि की है। महर्षि भृगऋृषि ने यहॉ तपस्या की थी। गांव के सोनार परिवार को इसका स्वप्न आया था। उनके परिवार ने आकर, खुदाई की तो यह गुफा और मंदिर निकला था। आपने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कुछ ऐसी कृपा है, जो जंगली जानवर भी यहा नुकसान नहीं करते हैं। बड़ा शिव मंदिर दीपका ऊर्जा नगर से हरिशंकर पाण्डेय ने कहा कि शिव भोलेनाथ सबकी बिगड़ी को बनाने वाले हैं और जल्दी प्रसन्न होते हैं। आपने भी आशीष वचन देते हुए रथ को आगे बढ़ाया। कनकीधाम कनकी से पुरूषोत्तम प्रसाद एवं कामता प्रसाद जी ने पूजा अर्चना कर आर्शीवाद देते हुए बतलाया कि हमारे पूर्वजों को स्वप्न आया था। जब खुदाई की गई, तो बहुत अधिक मात्रा में कनकी निकली इसी कारण इसका नाम कनकीधाम पड़ा। शोभा यात्रा का स्वागत भ्राता भगवान दास अग्रवाल, अमृता बतरा, अशोक चावलानी, किशोर अग्रवाल, कपिलेश्वर मंदिर की महिला मण्डल समिति एवं अनेक श्रद्धालु भक्तजनों ने किया।

7 दिवसीय श्रीमद् भगवद् गीता ज्ञान कथा का समापन पूजा अर्चना एवं यज्ञ द्वारा सम्पन्न हुआ जिसमें उपस्थित भक्तजनों ने स्वयं के अन्दर मन में छिपे 5 विकारों रूपी दुश्मनों से नाता तोड़ने का संकल्प लिया। ब्रह्माकुमारी विद्या बहन ने लोगों के जीवन को सात्विक बनाकर सात्विक भोजन लेने की प्रेरणा दी। आपने माताओं को कहा कि भोजन को बड़े प्यार से बनाकर प्रभू अर्पण कर प्रसाद क रूप में स्वीकार करना चाहिए, तो आपका घर भी मंदिर बन जायेगा। भजन मण्डली में साधराम, पालेश्वर, गोतम, संतोष, पुकराज, शंकर दयाल ने संगोत के माध्यम सभी को भाव विभोर कर दिया।

अंचलवासियों के लिये विशेष राजयोग शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारीज, टी.पी.नगर कोरबा में दिनांक 17 से 23 फरवरी 2018 तक प्रातः एवं सायं 7:00 से 8:30 बजे तक निःशुल्क रखा गया है। जिसका लाभ लेने के लिये नगरवासी सादर आमंत्रित हैं।

मानवीय सेवा मे, ब्रह्माकुमारी रूकमणी